# उप स्वास्थ्य केन्द्र में जल भराव और टपक रही छत

### बारिश में डूबा उप-स्वास्थ्य केंद्र, टीन शेड के नीचे हुआ मरीजों का इलाज




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,2जुलाई. जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाली एक बार फिर सामने आई है। लगातार हो रही बारिश ने अंबाड़ा उप-स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर स्थिति उजागर कर दी।**

अस्पताल की छत कई जगहों से टपकने लगी, जबकि परिसर और वार्डों में पानी भर गया। हालात इतने खराब हो गए कि अस्पताल के भीतर इलाज संभव नहीं रहा और चिकित्साकर्मियों को मरीजों का उपचार बाहर बने टीन शेड के नीचे करना पड़ा। करीब तीन दिन तक इसी अस्थायी व्यवस्था के सहारे स्वास्थ्य सेवाएं संचालित होती रहीं। करीब 25 वर्ष पुराने इस भवन की वर्ष 2021 में मरम्मत कराई गई थी, लेकिन एक साल बाद ही छत से फिर रिसाव शुरू हो गया। लगातार बारिश में भवन की खस्ताहाल स्थिति सामने आ गई।

पानी भरने से वार्ड, उपचार कक्ष, बिस्तर, दवाइयां और चिकित्सा उपकरण भी भीग गए, जिससे अस्पताल का नियमित संचालन प्रभावित हुआ। बाद में पानी निकालने और सामग्री सुखाने के बाद सेवाएं सामान्य हो सकीं। अंबाड़ा उप-स्वास्थ्य केंद्र आसपास के लगभग एक दर्जन गांवों के हजारों ग्रामीणों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा का प्रमुख केंद्र है। सामान्य मरीजों के अलावा गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का इलाज भी यहीं होता है। बारिश के दौरान अस्पताल की यह स्थिति मरीजों के लिए बड़ी परेशानी बन गई और कई लोगों को दूसरे अस्पतालों का रुख करना पड़ा।

अस्पताल के बाहर बने खुले टीन शेड में इलाज करना स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भी चुनौतीपूर्ण रहा। पुरुष मरीजों की सामान्य जांच किसी तरह हो गई, लेकिन महिलाओं की गोपनीय जांच और उपचार प्रभावित हुआ। चारों ओर से खुले शेड में निजता नहीं होने के कारण कई आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण नहीं हो सके। बारिश की तेज बौछारों के बीच स्वास्थ्यकर्मियों ने सीमित संसाधनों में सेवाएं जारी रखीं।

### बाउंड्री वॉल और पानी निकासी की समस्या

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के अनुसार उप-स्वास्थ्य केंद्र गड्ढेनुमा स्थान पर स्थित है, जिससे आसपास का बारिश का पानी सीधे अस्पताल परिसर में भर जाता है। विभाग ने कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों को पक्की नाली, समुचित जल निकासी और बाउंड्री वॉल निर्माण के प्रस्ताव भेजे, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के मुताबिक 15वें वित्त आयोग से बाउंड्री वॉल के लिए राशि स्वीकृत हुई थी, लेकिन पंचायत के एक पंच के विरोध के कारण निर्माण कार्य रोक दिया गया। बाद में यह राशि अन्य विकास कार्यों में खर्च कर दी गई, जिससे अस्पताल आज भी बिना बाउंड्री वॉल के संचालित हो रहा है।

### स्वास्थ्य कर्मियों को हो रही परेशानी

गांव के समाजसेवकों ने अस्पताल की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। उनकी मांग है कि अस्पताल भवन की मरम्मत, पक्की जल निकासी व्यवस्था और बाउंड्री वॉल का निर्माण जल्द कराया जाए, ताकि भविष्य में मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को ऐसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### सीएचओ ने बताया समस्या

उप-स्वास्थ्य केंद्र अंबाड़ा की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी किरण ठाकुर ने बताया कि भवन काफी पुराना है। वर्ष 2021 में मरम्मत के बावजूद एक वर्ष बाद ही छत से फिर पानी टपकने लगा। अस्पताल नीचे स्थित होने के कारण बारिश का पानी परिसर में भर जाता है। पंचायत द्वारा बनाई गई कच्ची नाली पर्याप्त नहीं है। इस संबंध में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है।

# नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और जनजागरूकता पर दे जोर : श्री नारायन

## नारकोटिक्स कोर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,2जुलाई. कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय की उपस्थिति में विगत दिवस कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में नारकोटिक्स कोर्डिनेशन (एनकॉर्ड) की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।** कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने पुलिस विभाग को अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को सभी शैक्षणिक संस्थानों के 500 मीटर क्षेत्र को ड्रग फ्री जोन बनाने तथा विद्यालयों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बताया गया कि उमंग योजना के अंतर्गत शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई गई है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने जानकारी दी कि नशा छोड़ चुके लोगों की सक्सेस स्टोरी तैयार कर प्रचारित की जा रही है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर भी जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जेल अधीक्षक ने बताया कि जिला जेल में एनडीपीएस एक्ट के तहत 3 निरुद्ध दंडित बंदी और 5 विचाराधीन बंदी निरुद्ध हैं। जेल में विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्थाओं के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किए जा रहे हैं।

### जेल परिसर के पास से हटाए गुमठी

कलेक्टर श्री नारायन ने जेल परिसर के आसपास नियमित पेट्रोलिंग एवं नगर निगम की सहायता से अवैध गुमठियों को हटाने के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा जेल एवं जगन्नाथ स्कूल के आसपास की अवैध गुमटियां हटाने की जानकारी दी गई। साथ ही नशा मुक्ति संबंधी ऑडियो-वीडियो संदेशों का प्रचार कचरा वाहनों एवं शासकीय एलईडी स्क्रीन के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में सभी विभाग नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थ नियंत्रण संबंधी अपनी-अपनी कार्रवाई का प्रस्तुतीकरण देंगे, ताकि जिले में समन्वित अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। साथ ही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने, नशे के दुष्प्रभावों से होने वाले नुकसान के बारे में जनजागरूकता कार्यक्रम प्रभावी रूप से चलाए जाने पर जोर दिया गया।

# पिकअप पलटने से एक महिला की मौत, 3 लोग घायल

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,2जुलाई. जुन्नारदेव थाना अंतर्गत अंतर्गत डूंगरिया चौकी क्षेत्र के तेलीबट में कैटरिंग का काम करके लौट रहे लोगों से भरी एक पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि 3 अन्य लोग घायल हुए हैं।**

डूंगरिया चौकी प्रभारी अंजना मरावी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण पिकअप वाहन अनियंत्रत हो गया।

जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के समय कंडक्टर की ओर बैठी महिला वाहन के नीचे दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान सौमित्री, निवासी जांबाकिराड़ी के रूप में हुई है। हादसे में वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अंजना मरावी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य कराया। घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,2जुलाई.** उमेरठ थाना क्षेत्र के नीमकुही की रहने वाली महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार दीपिका पति ब्रजेष सरेयाम उम्र 29 साल नीमकुही उमरेठ की रहने वाली है। वह लंबे समय से बीमारी चल रही थी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम पसर गया। हालांकि परिजनों के कहने पर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,2जुलाई. कुंडीपुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।** बताया जा रहा है कि तीन महीने पहले की महिला का विवाह हुआ था। यह महिला नेपाल की रहने वाली बताई जा रही है। दोनों बैंगलोर में जॉब करते थे। जानकारी अनुसार दिपाषा पति अजय उइके उम्र 18 साल सोनाखार की रहने वाली है। खाने बनाने को लेकर उसका विवाद हुआ था। दूसरे दिन सुबह उसका पति और मां को रेलवे स्टेशन छोड़ने आया था। इस दौरान नवविवाहिता घर में अकेली थी। वह कमरे में गई और फंदा बनाकर झूल गई। जब पति घर पहुंचा तो वह लटकी हुई पाई गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सुरक्षित रखवा दिया। माता-पिता के आने के बाद नव विवाहिता का पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर कर शव सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में नवविवाहिता के परिजन यदि कोई कार्रवाई की मांग करते है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### चौरई थाना क्षेत्र का मामला, महावत बोला की थी हाथी से छेड़खानी

# आक्रोशित हाथी ने दो युवकों को कर दिया घायल

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,2जुलाई. चौरई से गुरैया मार्ग पर गुरुवार को हाथी का आशीर्वाद लेना दो युवकों को भारी पड़ गया। हाथी के अचानक उग्र होने से दो युवक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल चौरई अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।**

जानकारी के अनुसार, प्रदीप कहार पिता संतोष कहार, कोठे यादव और उनका एक साथी बाइक से चौरई से गुरैया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अमरकंटक से उज्जैन महाकालेश्वर धाम की यात्रा पर निकले हाथी और उसके साथ चल रहे बाबा के दल से उनकी मुलाकात हुई। हाथी के पास पहुंचते ही वह अचानक आक्रोशित हो गया और उसने हमला कर दिया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि शिकायत पर पुलिस ने बीएनएव की धारा 249 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद हाथी के साथ चल रहे दल के सदस्य राजू बासनिक और गणेश वासुदेव ने बताया कि उन्होंने युवकों को हाथी से दूरी बनाए रखने की समझाइश दी थी। उनका कहना है कि एक युवक हाथी को बिस्किट खिलाने और दूसरा उसकी सूंड पकड़ने की कोशिश करने लगा, जिसके बाद हाथी भड़क गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि अस्पताल में उपचार करा रहे पीड़ितों ने भी स्पष्ट कहा कि हाथी के साथ चल रहे लोगों की कोई गलती नहीं है।

उनके अनुसार यह एक अचानक हुई दुर्घटना थी और हाथी के साथ चल रहे दल ने घटना के बाद घायलों की मदद भी की। फिलहाल दोनों घायलों का चौरई अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही। यह हादसा एक बार फिर यह संदेश देता है कि हाथी जैसे विशाल वन्यजीव के अत्यधिक करीब जाने या उसे छूने का प्रयास करना जानलेवा साबित हो सकता है।

# आरोपों की राजनीति से सत्य नहीं बदलता : शेषराव यादव

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,2जुलाई. भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका प्रश्न उठाने की होती है, लेकिन प्रश्न और आरोप के बीच का अंतर समझना भी उतना ही आवश्यक है।**

बिना तथ्य और प्रमाण के लगाए गए आरोप केवल राजनीतिक शोर पैदा करते हैं, सत्य स्थापित नहीं करते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिन विषयों को लेकर भाजपा पर आरोप लगा रही है, यदि उसके पास कोई ठोस प्रमाण हैं तो उन्हें संबंधित जांच एजेंसियों के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। प्रेसवार्ता के माध्यम से भ्रम का वातावरण बनाना न तो लोकतांत्रिक परंपरा है और न ही जनहित। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भाजपा का राजनीतिक संस्कार आरोप लगाने का नहीं, जवाबदेही निभाने का है। आज प्रदेश सरकार किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता का विश्वास भाजपा के प्रति लगातार मजबूत हुआ है, यही कांग्रेस की बेचैनी का कारण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दूसरों पर प्रश्नचिन्ह लगाने से पहले अपने लंबे शासनकाल का निष्पक्ष मूल्यांकन करना चाहिए। जनता यह भी जानती है कि किसने विकास को गति दी और किसने वर्षों तक जिले को केवल राजनीतिक प्रयोगशाला बनाकर रखा।

# भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन 4 जुलाई को

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 4 जुलाई शनिवार को स्थानीय अग्रवाल पैलेस में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर संगठन स्तर पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम जिला संयोजक कमलेश उइके ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री भारत सरकार डी.डी. उइके, जिला संगठन प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

# डेंगू की रोकथाम 9 घरों एडीज मच्छरों का लार्वा किया नष्ट

**छिंदवाड़ा.** डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिये गुरूवार को शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-34 संत कबीरदास वार्ड खिरखा मोहल्ला में 3 दलों द्वारा 110 घरों में डेंगू के लार्वा का सर्वे किया गया व 09 घरों में पाये गये एडीज मच्छर के लार्वा को लार्वानाशक दवाई डालकर/खाली कराकर नष्ट कराया गया। सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाडे द्वारा जनसमुदाय से अपील की गई है की अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज, टांके टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नहीं पनप रहे व खाली कर सफाई कर दे। पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करे.

# ननि अमले ने शहर के विभिन्न स्थानों से हटाया अतिक्रमण



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,2जुलाई.नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत सुचारू यातायात और शहरी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा लगातार अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जा रही है।**

इसी कड़ी में नगर निगम आयुक्त सीपी राय के आदेशानुसार एवं अतिक्रमण अधिकारी सागर बोरकर के निर्देशन में बीते दिन फव्वारा चौक, गायत्री मार्केट एवं तहसील कार्यालय के सामने से अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई करते हुए संबंधितों का व्यवस्थित विस्थापन किया गया था। उक्त स्थलों की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के लिए आज निगम की टीम द्वारा पुन: सघन निरीक्षण किया गया, जिसमें पूर्व में मुक्त कराए गए सभी स्थान पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त पाए गए। इसके साथ ही निगम प्रशासन द्वारा कार्रवाई का दायरा बढ़ाते हुए आज टाउन हॉल के सामने मार्ग अवरुद्ध कर रहे फल-फ्रूट विक्रेताओं तथा विद्या निकेतन स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर व्यवसाय कर रहे कपड़ा दुकानदारों को हटाया गया। इन सभी दुकानदारों को अन्यत्र व्यवस्थित स्थान पर विस्थापित करते हुए संपूर्ण परिसर को पूर्णत: अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की निरीक्षण व कार्रवाई की प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# विद्या भूमि में हुआ छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव एवं नियुक्ति

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,2जुलाई. विद्या भूमि पब्लिक स्कूल में प्रतिवर्षानुसार गरिमामयी परंपरा का निर्वाहन करते हुए वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय के छात्र प्रतिनिधियों की नियुक्ति लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत चुनाव आयोजित कर की गई।**

नवीन पदाधिकारियों ने भव्य समारोह में शपथ ग्रहण कर अपना कार्यभार ग्रहण किया। विद्यालय की नई छात्र प्रतिनिधि समिति में चयनित विद्यार्थियों ने अपने शानदार शैक्षिक प्रदर्शन के साथ ही पूरे जिले एवं राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। बालक एवं बालिका वर्ग में कमश: भवानी प्रताप सिंह एवं ज़हरा बक्शी को स्कूल प्रेसिडेंट एवं शुभ सूर्यवंशी एवं माधवी सूर्यवंशी को स्कूल वाइस प्रसिडेंट चुना गया। चुनाव प्रणाली के अंतर्गत छात्रों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपने अपने हाउस कैप्टिन का चुनाव किया। साथ ही विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित समितियों के लिए प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारियों का भी चयन कर उन्हें नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के 11 वीं एवं 12 वीं के छात्रों में हर्षोल्लास दर्शनीय था। विद्यालय प्रशासिका डॉ. विजया यादव एवं



प्राचार्य द्वारा छात्र छात्राओं को पद ग्रहण उपरांत पुष्पहारों से उनका अभिनंदन किया गया एवं उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का महत्व समझाया गया।

छात्र छात्राओं ने अपने नए प्रतिनिधियों का उत्साह से अभिनंदन किया। छात्र प्रतिनिधियों ने भी विद्यालय एवं इस जिम्मेदारी के प्रति अपने आप को पूरी तरह समर्पित कर छात्रों एवं विद्यालय के हित में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। चेयरमैन डॉ. शेषराव यादव एवं तकनीकी निदेशक विशेष यादव ने समस्त चयनित पदाधिकारी छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की हैं।

**बैठक** — मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर सभी विभागों को सतर्क एवं समन्वित कार्यवाही के निर्देश

# तेज बहाव वाली पुल पुलियाओं पर करे सुरक्षा व्यवस्था : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,2जुलाई. कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति में प्रभावी ढंग से प्रबंधन के लिए संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों और सभी एसडीएम की समीक्षा बैठक आयोजित की।**

बैठक में कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने लोक निर्माण विभाग एवं सड़क संबंधी विभागों को जिले के पुल, पुलियों एवं रपटों का निरीक्षण कर तेज बहाव और ओवर फ्लो की स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के समुचित इंतजाम अभी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे सभी स्थानों पर ड्रॉप गेट, चेतावनी बोर्ड लगाने और




नामजद कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए एसडीएम, तहसीलदारों और संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि की स्थिति में जलभराव वाले क्षेत्रों एवं रपटों पर आवागमन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा संकेतक एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को फील्ड में सक्रिय रहकर निगरानी रखने और हर घटना की पूरी जानकारी रखने के निर्देश दिए।

### दामिनी ऐप की ग्रामीणों को दे जानकारी

कलेक्टर श्री नारायन ने बताया कि मोबाइल ऐप दामिनी समय पूर्व बिजली गिरने की जानकारी दे देता है। बिजली संभावित क्षेत्रों यथा अमरवाड़ा, हर्रई, तामिया और जुन्नारदेव में इस ऐप के उपयोग के प्रति सभी ग्रामीणों को जागरूक करें। इससे कई लोगों की जाने बचाई जा सकती हैं। सभी कोटवारों को भी यह ऐप अनिवार्य रूप से डाउनलोड करवाएं, ताकि क्षेत्र में बिजली गिरनी को चेतावनी मिलने पर वे तत्काल इसकी सूचना ग्रामीणों को दे सकें। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को जलजनित एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता, एंटी वेनम की उपलब्धता चिकित्सा दलों की तैयारी तथा जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए।

### यह भी दिए निर्देश

कलेक्टर ने विद्युत मंडल को अपनी टीमें तैनात करने, पशुपालन विभाग को वर्षाकाल के दौरान पशुओं के मुख्य मार्गों में आने से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए समुचित प्रबंधन करने, वन विभाग को झरनों और घाटों की सभी 11 साइट पर सुरक्षा के लिए टीमें तैनात करने और संपर्क व्यक्तियों की सूची साझा करने, नगरीय निकायों को नालों की सफाई कार्य शीघ्र पूर्ण करने और कंट्रोल रूम 24 घंटे चालू रखने आदि के निर्देश दिए। बैठक में बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए राहत एवं बचाव दलों को सतर्क रहने, संवेदनशील क्षेत्रों की निरंतर निगरानी करने तथा आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी।* फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589